addition to research projects for development of multiplication protocols for important species. For research in animal cell culture, a separate autonomus research institution named as National Facility for Animal Tissue and Cell Culture has been set up at Pune. The National Institute of Immunology has been doing advance research on various aspects of immunology covering communicable diseases, reproductive biology, drug and vaccine development.

(b) and (c) A Biotechnology Consortium India Ltd. (BCIL) was set up with the help of financial institutions and industries to facilitate technology transfer from laboratory to industry and promote interaction between Academia, Research Institutions and Industry. Other mechanisms such as Expert Task Forces and brain storming sessions with industry have helped in generation of a number of new projects in the areas of Agriculture, Biomolecules and Immunodiagnositics. Close linkages with industrial instutitions have been maintained in programmes which are product and process oriented and some joint projects with industries have also been started.

परिवार कल्याण योजनाओं का लागू किया जाना

*616. **श्री अनन्तराम जायसवाल:**
श्री सत्य प्रकाश मालवीय:

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) परिवार कल्याण योजनाएं कब लागू की गई थी;

(ख) क्या सभी राज्यों में एक जैसी योजनाएं लागू की गई थीं, इन योजनाओं पर अब तक कुल कितनी राशि खर्च की गई है और तद्नुसार क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं;

(ग) क्या यह सच है कि परिवार कल्याण योजनाएं उत्तर भारत के राज्यों में अपेक्षित रूप से सफल नहीं हुई हैं;

(घ) यदि हां, तो किन-किन राज्यों में इन योजनाओं को अपेक्षित सफलता नहीं मिली है और इसके क्या कारण हैं तथा संबंधित राज्यों में इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर कितनी राशि खर्च की गई; और

(ङ) क्या सरकार ने इस योजनाओं की समीक्षा की है और क्या उत्तर भारत के इन राज्यों में परिवार कल्याण योजना को पूर्णतया सफल बनाने के लिए कोई ठोस कार्यक्रम सरकार के पास हैं; यदि हां, तो इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में कितना समय लगने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा): (क) देश में परिवार नियोजन कार्यक्रम 1951 में चलाया गया।

(ख) सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक समान योजनाएं हैं। वैसे, पिछड़े, क्षेत्रों को विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत अतिरिक्त निवेश प्रदान किए जाते हैं। विभिन्न योजनाओं/वर्षों में खर्च किए गए व्यय को विवरण I में दिया गया है **(नीचे देखिए)** इस कार्यक्रम की उपलब्धियां विवरण-II में है। **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) जी, हां। ये राज्य बिहार, मध्य प्रदेश राजस्थान और उत्तर प्रदेश हैं। 1974-75 से 1993-94 तक इन राज्यों में किए गए व्यय को विवरण-III में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ङ) परिवार कल्याण कार्यक्रम की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। कार्य निष्पादन में सुधार लाने के लिए उपर्युक्त चार राज्यों में एक प्रौद्योगिकी मिशन स्थापित करने के लिए प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

विवरण-I

योजनावार व्यय विवरण

(करोड़ रुपए)

अवधि		व्यय
पहली योजना	(1951—55)	0.14
दूसरी योजना	(1956—61)	2.15
तीसरी योजना	(1961—66)	24.86
वार्षिक योजना	(Inter Plan) (1966—69)	70.46
चौथी योजना	(1969—74)	284.43
पांचवी योजना	(1974—79)	408.98

वार्षिक योजना	(1978—79)	107.60
वार्षिक योजना	(1979—80)	118.52
छठी योजना	(1980—85)	1425.73
सातवीं योजना	(1985—90)	3105.21
वार्षिक योजना	(1990-91)	865.83
वार्षिक योजना	(1991-92)	1007.51
वार्षिक योजना	(1992-93)	1190.40
वार्षिक योजना	(1993-94)	1522.62
वार्षिक योजना	(1994-95)	1855.00 (अनुमानित)
कुल:		11989.44

विवरण-II

परिवार कल्याण कार्यक्रम के आरंभ से उपलब्धियां संक्षेप में इस प्रकार हैं:—

क्रम सं०	पैरामीटर	1951—61	1981	1993
1.	जन्म दर	41.7	37.2*	28.7 (SRS 93) (न०पं०प०)
2.	मृत्यु दर	22.8	15.0	9.3 (SRS 93) (न०पं०प०)
3.	कुल प्रजनन दर	5.97	4.5	3.6 (SRS 93) (न०पं०प०)
4.	शिशु मृत्यु दर (प्रति 1000 जीवित जन्म)	146	110	74 (SRS 93) (न०पं०प०)
5.	दम्पती सुरक्षा दर (प्रतिशत)	10.4	22.8	45.4* (31.3.94)
6.	रोके गए जन्मों की कुल सं० (मि० में)	0.04	44.19 (31.3.81)	168.78* (31.3.94)

*आंकड़े अनन्तिम

विवरण-III

परिवार कल्याण कार्यक्रम पर 1974-75 से हुआ व्यय

(लाख रुपए)

वर्ष	बिहार	मध्य प्रदेश	राजस्थान	उत्तर प्रदेश
1974-75	309.30	420.97	305.44	877.66
1975-76	417.90	514.89	277.37	1084.37
1976-77	1303.68	1616.44	487.62	2185.51
1977-78	583.44	785.10	625.46	1377.41
1978-79	807.98	781.04	189.52	1457.91
1979-80	702.46	740.08	432.10	2398.46
1980-81	934.09	848.56	644.77	1640.93
1981-82	1385.10	1134.03	852.35	2604.96

वर्ष	बिहार	मध्य प्रदेश	राजस्थान	उत्तर प्रदेश
1982-83	1854.50	1718.79	1101.60	5117.92
1983-84	2379.82	2047.38	1577.00	6140.69
1984-85	2506.05	2288.68	1735.61	6685.44
1985-86	3193.92	3122.51	2289.43	8204.77
1986-87	3351.06	4076.45	2118.61	9288.80
1987-88	3959.38	3174.29	2700.00	9841.58
1988-89	3869.66	3350.30	2940.89	11580.61
1989-90	4528.07	3642.43	3704.21	13033.54
1990-91	5469.51	3643.81	4538.03	15255.14
1991-92	6118.70	5737.33	5362.66	15412.09
1992-93	7386.60	6806.11	5901.77	14529.18
1993-94	8841.56	8069.34	6770.92	23754.49
कुल	59902.78	54518.53	44355.36	152471.46

Foreign Investments

*617. SHRI P. UPENDRA:
SHRI CHIMANBHAI MEHTA:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the foreign investments engisaged by the ened of the Eighth Plan; and

(b) what is the factual status about the commissioning of foreign investment projects as on date, sector-wise in relation to the number of foreign investment projects approved since new Industrial Policy?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SMT. KRISHNA SAHI): (a) Between April, 1992 (i.e. the commencement of the VIII Plan period) and March, 1995, approvals have been accorded to 2631 proposals envisaging foreign direct investment of Rs. 28518 crores (including 23 approval involving Rs. 5467 crores for Euro Issues). As approvals are dependent on receipt of applications from entrepreneurs, it is not possible to make future projections.

(b) Sector-wise status of actual commissioning of foreign investment projects is not centrally maintained. However, details of comparative figures of foreign direct investment approved, and actual inflow of foreign direct investment in the country, during the period April, 1992 and March, 1995 are as given below:—

(Rs. in crores)

Year	Approved	Actual Inflow
1992 (April-Dec.92)	3043.48	127.25
1993	8859.33	1785.85
1994	14187.19	2971.65
1995 (upto March)	2427.73	1757.52

Excluding Euro Issues and major projects (such as Power), Oil refinery etc.) which have a longer gestation period and which involve nearly 50% of the foreign direct investment approved, the ratio between approval & inflow is approximately 2:1.